श्याम सुन्दर मुरलिया वाले

मेरा जीवन है तेरे हवाले,
श्याम सुन्दर मुरलिया वाले,
मेरा जीवन है तेरे हवाले,
श्याम सुन्दर मुरलियाँ वाले.....

तेरी महिमा है जग से निराली,
सारा जग तेरे दर का भिखारी,
चाहे जिसको बना दे या मिटादे,
चाहे जिसको बना दे या मिटादे,
श्याम सुन्दर मुरलिया वाले,
मेरा जीवन है तेरे हवाले,
श्याम सुन्दर मुरलियाँ वाले....

तेरे पीछे हम आते रहेंगे,
धून तेरी हम गाते रहेंगे,
तू हमें आज अपना बना ले,
तू हमें आज अपना बना ले,
श्याम सुन्दर मुरलिया वाले,
मेरा जीवन है तेरे हवाले,
श्याम सुन्दर मुरलियाँ वाले....

फूल हैं हम तेरे उपवन के,
कठपुतली है हम तेरे मन के,
तू चाहे जिसे भी नचा ले,
तू चाहे जिसे भी नचा ले,
श्याम सुन्दर मुरलिया वाले,
मेरा जीवन है तेरे हवाले,
श्याम सुन्दर मुरलियाँ वाले.....

https://bhajanganga.com/bhajan/lyrics/id/27023/title/shyam-sundar-muraliya-wale

अपने Android मोबाइल पर BhajanGanga App डाउनलोड करें और भजनों का आनंद ले |